हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 7 मई 2025

06 हायर सेकंडरी परीक्षा में नवांकुर की रिया पटवा...

07 कृषि उपज मंडी में किसान के अनाज की हुई चोरी

परीक्षा परिणाम: पिछले वर्ष की तुलना में 13.09 प्रतिशत बढ़ा 12वीं का प्रतिशत, 10वीं में 74.46 फीसदी विद्यार्थी पास

कक्षा 12वीं में कला संकाय में सरकारी स्कूल की छात्रा अर्चना ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया

सफलता प्राप्त करने का रास्ता सिर्फ और सिर्फ कड़ी मेहनत है और कुछ नहीं

आईएएस अधिकारी बनना चाहती है अर्चना अहिरवार

प्रदेश की मैरिट सूची में तीसरा स्थान हासिल करने वाली कुमारी अर्चना अहिरवार का कहना है कि मैं आईएएस बनना चाहती हूं इसके लिए अभी से तैयारियां कर रही हूं ओर कॉलेज की पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती रहूंगी। अर्चना ने कहा कि कड़ी मेहनत से हम अपने मुकाम को पा सकते हैं इसमें गुरूजनों का मार्गदर्शन मिलने से शिक्षा प्राप्ति में सहूलियतें होती हैं। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिला और मैं इस मुकाम पर पहुंची हूं। कुमारी अर्चना अहिरवार के पिता पैजनसिंह अहिरवार ने बताया कि उनके पांच बच्चे हैं जिनमें तीन लड़कियां ओर दो लड़के हैं। अर्चना का झुकाव शुरू से ही पढ़ाई की तरफ था। यही कारण है कि छात्रावास में रहकर हम लोग निश्चिंत रहते थे। मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले पैजनसिंह ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी नीमा अहिरवार विजयाराजे सिंधिया नोडल गर्ल्स कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुऐशन कर रही हैं। पुत्र शेखर अहिरवार मोहनपुरा के कॉलेज में अध्ययन कर रहा है। उनसे छोटी अर्चना है और ममता दसवीं में है और सबसे छोटा बेटा आठवीं में अध्ययनरत है।

12वीं: 74.63%, जिले के छह विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में प्राप्त किया स्थान

12वीं में विदिशा के 6 छात्र मेरिट में

अर्चना अहिरवार

अंश शर्मा

रिक्षिता अरोरा

दर्शनी यादव

आर्जव जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आमखेड़ा सूखा के सरकारी स्कूल की अर्चना अहिरवार ने कक्षा 12वीं में कला संकाय में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। अर्चना ने 500 में से 487 अंक प्राप्त किए। सकेत शिशु रंजन के छात्र अंश शर्मा ने कला संकाय में पांचवां स्थान हासिल किया। वाणिज्य विषय में साकेत शिशु रंजन स्कूल की रिक्षिता अरोरा ने नौवां स्थान प्राप्त किया। रिक्षिता अरोरा ने 500 में से 482 अंक प्राप्त किए। न्यू जैन स्कूल की दर्शनी यादव ने जीव विज्ञान में पांचवां स्थान हासिल किया। नवाकुर विद्या पीठ बासोदा की रिया पटवा ने पांचवां और द एनिमेंट पब्लिक स्कूल के आर्जव जैन ने छठा स्थान प्राप्त किया। आर्जव जैन ने जीव विज्ञान विषय में 500 में से 478 अंक प्राप्त किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं की परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी किया। इस वर्ष जिले का परीक्षा परिणाम 74.63 प्रतिशत रहा। विदिशा जिले के छात्रों ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा परिणाम सुबह 10 बजे जारी किया गया। हालांकि, माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट की धीमी गति के कारण छात्रों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

3 वर्षों का परिणाम

2022-23	45.70 प्रतिशत
2023-24	66.71 प्रतिशत
2024-25	74.63 प्रतिशत

पुष्पेन्द्र कडेरे का जिले की मेरिट में दूसरा स्थान

कुरवाई। सांदीपनि सीएम राइज स्कूल के कक्षा 10 वीं के परिणाम में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए 95.5 प्रतिशत तक पहुंचा। कुल 111 में से 99 छात्र प्रथम श्रेणी में एवं 7 दूसरी श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। दिव्यांशी पुत्री नंदकिशोर ने 96.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। साक्षी एवं राधिका ने 96% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 18 विद्यार्थी रहे। हायर सेकंडरी परीक्षा में वृद्धि करते हुए इस वर्ष 95 प्रतिशत परिणाम रहा। कुल 80 में से 66 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 10 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 वी गणित में पुष्पेन्द्र कडेरे ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए जिला स्तरीय मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विकासखंड कुरवाई में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव ने छात्रों को बधाई दी है।

10 वीं: 74.46%, अंशू और शिवा ने किया टॉप महक-अक्षत ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मंगलवार को कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया। विदिशा जिले के 74.46 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। जिले से कुल 14,731 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें 7,082 छात्र और 7,649 छात्राएं शामिल थीं। नियमित श्रेणी में 10,968 विद्यार्थी सफल हुए। इनमें 4,876 छात्र और 6,092 छात्राएं हैं। स्वाध्यायी श्रेणी में 4,999 परीक्षार्थियों में से 1,131 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

3 वर्षों का परिणाम

2022-23	65.45%
2023-24	56.70%
2024-25	74.46%

विजेंद्र सिंह अकादमी के छात्र रहे अव्वल

कक्षा 10वी एवं 12वी परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं । जिसमें विजेंद्र सिंह अकादमी के छात्रों ने एक बार फिर से ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है । कक्षा 12वी मे गणित संकाय के सफल छात्रों में से आयुष रघुवंशी ने 93.8%, चिन्मय जैन 93.4%, खुशी धाकड़ 92.8%, रिद्धिमा भट्ट ने 90.2% अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में बायोलॉजी संकाय से दर्शनी यादव ने 95.8% के साथ प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त किया। अन्य छात्रों मे आदित्य लोधी 94%, वंशीता राठौर 90.8%, प्रियाशी लोधी 90.2% आदि अनेक छात्रों ने 80 प्रतिशत अधिक अंक प्राप्त कर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। कक्षा 12वी में संस्थान से 35 से अधिक छात्रों 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। संस्थापक विजेंद्र सिंह सोलंकी ने छात्रों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन को दिया।

अंशु और शिवा ने जिला टॉप किया

जिले में सकेत शिशु रंजन के अंशु जैन और सरस्वती विद्यापीठ के शिवा रघुवंशी ने 490 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी एक्सीलेंस स्कूल की महक भगोरिया और डॉल्फिन स्कूल के अक्षत रघुवंशी 489 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान चार विद्यार्थियों ने साझा किया। गंजबासोदा की सुहानी साहू, ज्ञान ज्योति स्कूल के रुद्र प्रताप सिंह, एनिमल पब्लिक स्कूल की अक्षरा मार्गव और मेलुआ चौराहे के सुमित कुशवाह ने 488 अंक प्राप्त किए।

अंशू जैन

विजेंद्र एकेडमी की अक्षरा भार्गव ने प्राप्त किए 97.6% अंक

विदिशा। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाई स्कूल कक्षा 10 वीं के परिणाम जारी कर दिए हैं। जिसमे जिले की अग्रणी संस्था विजेंद्र सिंह अकादमी के अनेक छात्रों ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं। सफल छात्रों में अक्षरा भार्गव 97.6%, मेघा सोलंकी 94.8% अशोक शर्मा 94.4%,आर्या वर्मा 93.6%, जयदीप दांगी 93.4%, अर्पित लोधी 93%, अनुज वर्मा 91.8%, कुशाग्र शर्मा 91.8%, अंशु रघुवंशी 91.6%, मोहित लोधी 91.2% अंक प्राप्त किए। वहीं अनेक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्था एवं अपने माता- पिता का नाम रोशन किया। संस्था से कक्षा 10वीं में 25 से अधिक छात्रों से 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। संस्थापक विजेंद्र सिंह सोलंकी ने छात्रों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, लगन ,धैर्य और अनुशासन को दिया, और छात्रों के अभिवावकों को कोचिंग पर विश्वास बनाए रखने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही उनका कहना है कि शहर वासियों का विश्वास ही उनको कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है जिससे इस प्रकार के असाधारण परिणाम प्राप्त होते हैं।

खबर संक्षेप

औद्योगिक आपदा से निपटने मॉकड्रिल आज

विदिशा। औद्योगिक आपदा से निपटने के लिए रासायनिक औद्योगिक आपदा पर प्रशासनिक तैयारी का प्रदर्शन आज बुधवार 7 सुबह 9.30 से 12 बजे के बीच किया जाएगा। इसके लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विदिशा की अडानी फेक्ट्री को चिन्हित किया गया है। इसके लिए प्रदेश के 16 जिलों को चिन्हित किया गया है जिनमें से 10 जिलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा चुका है। आज उक्त व्हीसी में विदिशा सहित छह जिलों को दिशा-निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए।

कृष्णगोपाल राय बने जिला महामंत्री

विदिशा। हाल ही में विदिशा जिले के सभी शिक्षक संगठनों ने मिलकर शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा का गठन किया है। जिसमें प्रांतीय

शिक्षक संघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष मिलनसार एवं कर्मचारियों की बात हमेशा शासन प्रशासन तक पहुंचाने रखने वाले कृष्ण गोपाल राय को शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा का जिला महामंत्री बनाया गया है। उनकी नियुक्ति पर संघ के प्रदेश सह संगठन मंत्री राजेंद्र राय, गोविंद तिवारी, खुमान सिंह राजपूत, कमल किशोर शर्मा, चरण सिंह शाक्य, शिमला शर्मा, प्रताप सिंह किरार, हेमंत सोनी, राकेश सोनी, भारती सैनी, दुर्गेश शर्मा, रूप सिंह अहिरवार, रामप्रसाद अहिरवार, अनीता ठाकुर ने बधाई दी है।

रथ हरी झंडी दिखाकर आज रवाना करेंगे

विदिशा। 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन प्रचार रथ को आज बुधवार को सुबह 10.20 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीतेन्द्रसिंह तोमर ने बताया कि प्रचार रथ वार्डों में 10 मई तक भ्रमण कर नेशनल लोक अदालत की जानकारी आमजनों को देगा।

मानसरोवर एकेडमी के छात्रों ने फहराया परचम, प्राचार्य देवना अरोरा ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मंगलवार को कक्षा 10वी एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

वात्सल्य ग्रुप द्वारा संचालित मानसरोवर एकेडमी की कक्षा 10वीं में कशिश राठौर ने 93%, भूमिका कुशवाह ने 92%, रिषिका कुशवाह ने 90%, रोनक बघेल ने 90%, हर्षिता कुशवाह ने 88% एवं हिमांशी साहू ने 87% अंक अर्जित किए।

10 वीं में कशिश राठौर ने 93% अंक प्राप्त किए

विद्यालय के कक्षा 10 वीं के 70% विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा 12 में सक्षम सेन 92%, प्रशांत जाट 91%, आर्यन तिवारी 90%, देवांश तिवारी 90 %, अंजली सोनी 89%, भविष्य खत्री 89% एवं शुभी यादव ने 86% अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 वी के 85 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। छात्र, छात्राओं की सफलता पर वात्सल्य ग्रुप की संचालिका देवना अरोरा एवं नम्रता अरोरा ने छात्रों को बधाई दी है।

5 लाख 45 हजार 199 मैट्रिक टन का भंडारण

विदिशा। विदिशा जिले में 5 मई तक 60 हजार 969 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराए गए हैं। जिसमें से 187 खरीदी केन्द्रों पर 54442 किसानों से 562139 मैट्रिक टन 1461.56 करोड़ खरीदी की गई है। 50661 किसानों को राशि 1299 करोड़ का भुगतान बैंक खातों में हो गया है। खरीदी मात्रा 562139 मैट्रिक टन के विरूद्ध 545199 मैट्रिक टन का भंडारण करा लिया है।

3 घंटे गुल रहेगी बिजली

विदिशा। जज कॉलोनी फीडर के मेंटनेंस के चलते आज 3 घंटे बिजली बंद रहेगी। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मेंटनेंस चलेगा। क्षेत्र की बिजली बंद रहेगी।

नौ डिग्री गिरा तापमान, तीन दिन के लिए अलर्ट

कलेक्टर बोले: जरूरी काम पर ही निकलें बाहर

- तेज आंधी और बारिश के कारण ओले की संभावना।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। सोमवार को दोपहर बाद तेज आंधी के साथ बारिश हुई। आधे घंटे में 10 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। तेज हवाओं से सड़कों पर धूल उड़ी। लोगों के छप्पर और टीनशेड उड़ गए। बाजार में दुकानों का सामान बिखर गया। सोमवार की रात 12 बजे के बाद भी बारिश हुई। वहीं मंगलवार को भी दोपहर के बाद मौसम बदला और तेज हवाएं चलने लगीं। मौसम में बदलाव से तापमान 9 डिग्री गिरकर 35 डिग्री के आसपास पहुंच गया।

9 अप्रैल तक अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ, दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की वजह से पूरे प्रदेश में मौसम बदला है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि अगले 2-3 दिन तक चक्रवाती हवाएं चलेंगी। ओले गिरने की भी आशंका है। 9 अप्रैल तक आंधी-बारिश का अलर्ट है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिलेवासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि आगामी दो दिनों में आंधी-तूफान और बारिश की संभावना है। जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलें। बच्चों को छत पर न जाने दें। पेड़ों के नीचे न खड़े हों। दोपहिया वाहन सावधानी से चलाएं।

प्रतियोगिता में पदकों की झड़ी से रोशन हुआ विदिशा का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में आयोजित ओपन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विनर ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी।

विभिन्न भार वर्गों में खेलते हुए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में मयंक रैकवार गोल्ड मेडल धार्मिक सैनी गोल्ड मेडल शांभवी प्रजापति सिल्वर मेडल वर्णिका सेन सिल्वर मेडल, शीतल कुशवाह सिल्वर मेडल , माहिर परिहार सिल्वर मेडल, सिमर कुशवाहा सिल्वर मेडल, कनिष्क शर्मा ब्रोंज मेडल, कनिष्क जैन ब्रोंज मेडल, सिमर कुशवाह ब्रोंज मेडल, आराध्या यादव ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया।

आंधी में झड़ी कैरियां, क्विंटलों से मंडी में फेंकी

विदिशा। तेज आंधी के कारण आमों में लगी कैरियां झड़ गईं। जिससे कीमत गिर गई और किसानों को फेकना पड़ीं।

जीवनदायिनी बेतवा को बचाने नवांकुर संस्थाएं कर रहीं श्रमदान

विदिशा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में चयनित नवांकुर संस्थाओं रुद्राक्ष ह्यूमन वेलफेयर आवरण सोसायटी और प्रस्फुटन समिति काँचरोद द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। इन संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जीवनदायिनी बेतवा नदी को साफ-स्वच्छ कर पुनर्जीवित किया जा रहा है।

जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं बीसी ममता राठौर समन्वयक द्वारा इस ने बताया कि तीसरे दिन उत्साहपूर्वक श्रमदान किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ताओं और पर्यावरण प्रेमियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

देवेंद्र साहू, राजेन्द्र सिंह, गोपालशरण मिश्रा, अशोक कुमार, सीमा शर्मा और सुरेंद्र लोधी की उपस्थिति ने इस पहल को और भी बल दिया। इन प्रतिभागियों ने नदी के किनारों की सफाईए जलीय खरपतवार हटाने और अन्य पर्यावरणीय सुधार कार्यों में अपना योगदान दिया।

संविधान बचाओ रैली 8 मई को, बैठक हुई

विदिशा। संविधान बचाओं रैली कल 8 मई को निकाली जाएगी। रैली को सफल बनाने वार्ड और मोहल्ले में बैठकें की जा रहीं हैं। मंगलवार को वार्ड नंबर 36 के जय गुरुदेव नगर निवासी कांग्रेस नेत्री अंजना चिड़ार के निवास पर कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। जिसने संविधान बचाओ रैली के प्रभारी रवि साहू और राजकुमार पासी ने बैठक ली। जिसमें युवाओं को बड़ी संख्या उपस्थिति पर जोर दिया। बैठक में उपस्थिति राम जी विश्वकर्मा, सौरभ रघुवंशी, ऋतिक पाल, मोहित चिदार, श्रवण पचौरी, अंकित धाकड़, भारत सिंह धाकड़, संतोष चिदार, दीपक नरवरिया महेश सेन मौजूद रहे।

शमशाबाद पहुंचे कलेक्टर गुप्ता ने सुनीं लोगों की समस्याएं

अब हर ब्लॉक में आयोजित की जाएगी जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर आमजनों की सहूलियत को देखते हुए अब विकासखंड स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

नवोदय विद्यालय में खंडस्तरीय जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में जिले के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कुल 62 आवेदन आए। इनमें से 19 का मौके पर ही समाधान किया गया। 43 आवेदन विभिन्न विभागों को निराकरण के लिए दिए गए। कलेक्टर ने शिविर के बाद तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग की कॉलोनी और हॉस्टल, अस्पताल पहुंच कर निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, एसडीएम अजय प्रताप सिंह, जनपद सीईओ जितेन्द्र धाकरे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने पार्षदों के साथ नगर की मुख्य समस्याओं को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मिले।

विदिशा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

आंगनबाड़ी पहुंचकर सहायिका से जानकारी ली

कलेक्टर गुप्ता ने भ्रमण के दौरान शमशाबाद की आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 131 में पहुंचकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका से संवाद किया। उन्होंने आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों की संख्या जानी तथा सेम और मेम बच्चों की जानकारी लेते हुए विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री भरत सिंह राजपूत को निर्देश दिए हैं कि जो बच्चे सेम मेम की श्रेणी में शामिल हैं उनके अभिभावकों व पालकों को शासन की अन्य योजनाओं का लाभा पात्रता के अनुसार दिलाया जाना सुनिश्चित करें ताकि विभिन्न स्वरोजगारों के क्षेत्र में इस प्रकार के परिवार जन आत्म संबल बन सकें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने भ्रमण के दौरान शमशाबाद में स्कूल शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा संचालित छात्रावासों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावासों में छात्राओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारियां जिला संयोजक पारूल जैन से लीं।

ओवर ब्रिज के पिलर की सेंटिंग गिरे, लोग फंसे

विदिशा। बंटीनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास बन रहे ब्रिज की पिलर गिरने से कुछ लोग घायल हो गए। न्यू अरिहंत विहार कॉलोनी के पास बंटी नगर सागर पुलिया पर ओवर ब्रिज का निर्माण हो रहा है। जिसके पिलर बनाने के लिए सेंटिंग लगाई जा रही है। शाम करीब 7.30 सेंटिंग गिर गई। एक हिस्सा गिरने से कुछ लोग फंस गए। सूचना मिलने पर एसपी रोहित काशवानी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया।

बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव- 3901
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 3026
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2480
उच्चतम भाव- 2480
चना
न्यूनतम भाव-5320
उच्चतम भाव-5920
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-3716
धान
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3100
मसूर
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6440
सरसों
न्यूनतम भाव-3840
उच्चतम भाव-6675
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4460
धनिया
न्यूनतम भाव-5250
उच्चतम भाव-5250
मटर
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-5040

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 12819 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

खबर संक्षेप

आयुश समैया का सुयश

गंजबासौदा। तारण तरण जैन पाठशाला निवासी आयुश पुत्र योगेन्द्र प्रिया समैया ने कक्षा 10 वीं में 500 में से 396 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी के साथ

परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, परिजनों का नाम रोशन किया। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

हरिओम रघुवंशी का सुयश

गंजबासौदा। हरिओम रघुवंशी पुत्र महेन्द्र सिंह और गायत्री रघुवंशी ने कक्षा 12 गणित संकाय में 404 अंक तथा गणित बिषय में 93 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

रतनबाई स्कूल के 12वीं के छात्र तथा डॉल्फिन के छात्र ने जिले में दूसरा तथा नवांकुर की पलक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

हायर सेकंडरी परीक्षा में नवांकुर की रिया पटवा ने राज्य की प्रावीण्य सूची में पांचवा स्थान बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित किये गए, जिसमें नवांकुर हायर सेकेंडरी की जीव विज्ञान संकाय की छात्रा रिया पुत्री अनिल पटवा ने 500 में से 479 अंक प्राप्त कर राज्य की प्रावीण्य सूची में पाँचवा स्थान प्राप्त किया है। जबकि डॉल्फिन के छात्र अक्षत रघुवंशी ने 489 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

श्रीमती रतन बाई जैन हाई सेकेंडरी के छात्र लक्ष्य मलैया ने वाणिज्य संकांय में 500 में से 470 अंक हासिल करें जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं आचार्य विद्यावैली हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 12 वीं बायोलॉजी की छात्रा खुशी व्यास ने जिले की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान अर्जित किया है। नवांकुर विद्यापीठ की गणित संकाय की छात्रा पलक रघुवंशी ने 500 में से 475 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही डॉल्फिन के कक्षा 10 वीं के छात्र अक्षत रघुवंशी पुत्र नीलम सिंह रघुवंशी ने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान अर्जित किया। इन सभी विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार ने पुष्पहारों से एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इनके अलावा सभी विद्यालयों में हायर सेकंडरी और हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। नवांकुर विद्यापीठ की कृषि विज्ञान की छात्रा कशिश रघुवंशी एक अंक की कमी से तथा डॉल्फिन के छात्र अक्षत रघुवंशी दो अंक कम होने से राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने से रह गए। रिया की उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष और खुशी का माहौल व्याप्त है, विद्यालय में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विभाग के उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, उन्हें फूल मालाऐं पहनाई गई, मिठाई खिलाई गई और बधाई संदेश देकर अभिनंदन किया गया।

वाणिज्य संकाय के छात्र शिवांश गुप्ता और छात्रा ज्योति राजपूत ने 474 अंक एवं कशिश रघुवंशी ने कृषि विज्ञान में 470 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित अभिभावकगणों का भी विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। हायर सेकेंडरी परीक्षा में विद्यालय के 262 विद्यार्थियों में से 260 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये, जिनका परीक्षा परिणाम 99.02% रहा। विद्यालय के हाई स्कूल विभाग से कुल 184 विद्यार्थियों में से 178 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के छात्र हर्षित जैन और सत्यम शर्मा ने 500 में से 487 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, खुशी जैन और साहनी शर्मा ने 500 में से 486 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा शर्मा ने 500 में से 485 अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉल्फिन स्कूल से परीक्षा में सम्मिलित 104 विद्यार्थियों में से 102 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 88 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 14 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। अक्षत रघुवंशी पुत्र नीलम सिंह रघुवंशी ने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में द्वितीय तथा विद्यालय में प्रथम स्थान जाह्नवी शर्मा 500 में से 484 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सक्षम जाटव ने 500 में से 483 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान किया प्राप्त किया। नवांकुर, डॉल्फिन विद्यालय परिवार ने उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाऐं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही अपेक्षित परिणाम प्राप्त न कर सकने वाले छात्र-छात्राओं को सुझाव दिया है कि वह और अच्छी तैयारी कर आगे होने वाली दूसरी परीक्षा में शामिल होकर अपेक्षाकृत सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

वहीं रतनबाई जैन उमावि के छात्र लक्ष्य मलैया की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन और माता-पिता ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। छात्र नियमित रूप से 4 से 5 घंटे पढ़ाई करता था और स्कूल में शिक्षकों द्वारा कराए गए अध्यापन कार्य को गहनता से पढ़ता था। उनकी योजना आगे चलकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की है, जो एक प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण करियर विकल्प है। लक्ष्य के पिता अमित मलैया एक वाहन ड्राइवर हैं और मां भावना मलैया एक ग्रहणी हैं। यह दर्शाता है कि शिक्षा और मेहनत से किसी भी पृष्ठभूमि से आने वाला व्यक्ति अपने सपनों को पूरा कर सकता है। लक्ष्य की सफलता से हमें ये सीख मिलती है शिक्षा के प्रति मेहनत और समर्पण लक्ष्य की कहानी हमें बताती है कि मेहनत और समर्पण से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।लक्ष्य की इस उपलब्धि से उनके विद्यालय और परिवार का नाम रोशन हुआ है इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य बृजेश कुमार रिछारिया, सुनील कुमार जैन, रामेश्वर शर्मा, राकेश राजपूत, शैलेंद्र चौरसिया सहित स्टाफ मौजूद विद्यालय प्रबंधन संचालन समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र शाह एवं सचिव मयंक टांक ने भी लक्ष्य के उच्चल भविष्य की कामना की है।

वहीं सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के होनहार छात्र-छात्राओं ने श्रेष्ठ अंकों के साथ शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। संस्था प्रबंधन सहित शिक्षक परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय में मिठाई खिलाकर बधाई दी है। प्रभारी प्राचार्य अनुज गुप्ता ने बताया कि हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में संस्था के कुल 74 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 71 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 3 परीक्षार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। संस्था के छात्र प्रशांत चौधरी ने 96.8 %, छात्रा नैना धिंगानी ने 96.6%, एवं नितिका विश्वकर्मा ने 96.2% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं हिन्दी माध्यम में दर्ज 31 परीक्षार्थियों में से 22 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसी तरह हायर सैकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में कुल 90 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें उच्चांक 93.4 % के साथ 67 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव, प्रबंधक सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, प्रबंध संचालक संघमित्रा यादव, प्रभारी प्राचार्य अनुज गुप्ता, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता सहित शिक्षक परिवार ने बधाई देते हुए सफल परीक्षार्थियों का अभिनंदन किया। इस दौरान संस्था के सफल परीक्षार्थी अभिभावक और शिक्षकों ने मौजूद रहकर जश्न मनाया।

वहीं शासकीय हाई स्कूल किरवाया हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 97% रहा। परीक्षा में सम्मिलित 31 नियमित छात्र-छात्राओं में से 30 छात्र-छात्राओं को उत्तीर्ण घोषित किया गए। इनमें 16 छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी एवं 14 छात्र छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की ।विद्यालय में चार छात्राओं ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राची राजपूत पुत्री सौभाग्य सिंह राजपूत ने 93.6% नैन्सी राजपूत पुत्री अमर सिंह राजपूत ने 84% आरुषि राजपूत पुत्री राजपाल सिंह राजपूत ने 83.8 प्रतिशत तथा आयुषी बघेल पुत्री रमेश बघेल ने 82.8% अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया । विद्यालय के प्राचार्य मोहन लाल पंथी सहित समस्त शिक्षकों ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

बारहवीं के छात्र ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात

गंजबासौदा। मंगलवार को नेहरू चौक क्षेत्र में जैन मंदिर गली निवासी एक छात्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खिरिया खेड़ा निवासी दयाराम उर्फ पप्पू से जैन मंदिर गली में निवास करते हैं। घर के पास ही उनकी हेयर सैलून है। उनके परिवार में दो पुत्र अनुज और अतुल हैं। अनुज भोपाल रहता है और अतुल शासकीय मॉडल स्कूल में कक्षा 12 वीं कॉमर्स संकाय में था। मंगलवार को उसका परीक्षा परिणाम आया था। घर पर अतुल अकेला था और उसके माता पिता किसी शादी में गए थे। इस परीक्षा में अतुल को 69.6 प्रतिशत अंक मिले थे। परीक्षा परिणाम आने के कुछ समय बाद अतुल ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर उसे परीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचाया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के रहवासियों ने बताया कि अतुल और उसका परिवार काफी सीधा सादा है। अतुल पर कभी भी पढाई या अच्छे अंकों का कोई दबाब नहीं रहा। साथ ही उसे भी परीक्षा में अच्छे अंक मिले हैं। इसके बाद भी उसने आत्महत्या क्यों की यह कारण अभी तक अज्ञात है। वहीं पास में ही कोचिंग संचालित करने वाले प्रवीण कुशवाह ने बताया कि अतुल होशियार था और उनके पास इंग्लिस की कोचिंग के लिएआता था। वह पढाई के साथ क्रिकेट भी अच्छी खेलता था और इस हादसे से सभी हतप्रभ और दुखी हैं।

नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास और 7 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्संग करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा एवं 7000 रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी/ एसपीओ दिनेश कुमार असैया द्वारा बताया कि न्यायालय अनुराग द्विवेदी, प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीष बासौदा के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं पॉक्सो न्यायालय बासौदा ने अपने निर्णय में आरोपी को 20 साल की सजा और कुल 7000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। उन्होंने मामले की जानकारी दी कि दिनांक 10.02.2024 के शाम करीब 7:30 बजे अभियोक्त्री की माता ने अपने पति को फोन कर बताया कि अभियोक्त्री आज सुबह 11 बजे घर से स्कूल जाने का बोलकर गई थी जो अभी तक लौटकर वापस नहीं आई है। फिर रात करीब 11:30 बजे फरियादी भोपाल से अपने घर गांव आया और परिजनों के साथ गांव व आसपास के गांव तथा रिश्तेदारों में अभियोक्त्री के बारे में पता किया, कोई जानकारी नहीं मिली। अभियोक्त्री को कोई बहला-फुसलाकर ले गया है।

उक्त रिपोर्ट पर से थाना शहर बासौदा में अपराध क्र. 108/24 की प्रथम सूचना रिपोर्ट धारा 363, 366, 343, 376(3) भादवि एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट में दर्ज की गई थी। अभियोक्त्री की धारा 164 द.प्र.स. के कथन संबंधित न्यायालय में हुए थे व अभियोक्त्री का चिकित्सीय परीक्षण उपरांत व अनुसंधान उपरांत न्यायालय में शहर बासौदा पुलिस द्वारा चालान पेश किया गया था। न्यायालय में विचारण के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन कथन न्यायालय के समक्ष व अन्य साक्षीगणों के कथन कराए गए। उपलब्ध साक्ष्य तथा एडीपीओ दिनेश असैया के तर्क से सहमत होकर, अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 363 भादवि में 05 वर्ष की सजा, 366 भादवि 07 वर्ष की सजा एवं 3/4(2) पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा एवं कुल 7000 रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। इस प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक प्रतिभा सिंह एवं सहायक उपनिरीक्षक शिवप्रसाद विश्वकर्मा द्वारा की गई थी ।प्रकरण के शीघ्र निराकरण हेतु आरक्षक रीतेष तिवारी एवं आरक्षक सुरेन्द्र रावत द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। प्रकरण की विवेचना एसआई प्रतिभा सिंह एवं एएसआई शिवप्रसाद विश्वकर्मा ने की थी।

अभाविप परिषद ने दी थी आंदोलन की चेतावनी

अव्यवस्थाओं की जांच करने पहुंचे तहसीलदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है, लेकिन यहाँ की अव्यवस्थाओं के बीच छात्राओं के लिए परीक्षा देना किसी संघर्ष से कम नहीं है। मंगलवार को भी यहां पानी में कीडे नजर आने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रशासन को शिकायत की। जिस पर तहसीलदार संदीप जायसवाल ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इसके बाद अभाविप ने अव्यवस्थाओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

उल्लेखनीय है कि इस विषय को लेकर पूर्व में एसडीएम को देकर शीघ्र जाँच और सुधार की मांग की थी। आज सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि परीक्षा केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का अत्यधिक अभाव है, जिनमें प्रमुख रूप से पीने के पानी में कीड़े पाए गए, जिससे विद्यार्थियों की स्वास्थ्य सुरक्षा पर बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। परीक्षा कक्षों में पंखों की कमी के कारण भीषण गर्मी में छात्रों की हालत बिगड़ रही है। शौचालयों की संख्या कम है और स्वच्छता नदारद है। बिजली की आपूर्ति अनियमित है, जिससे परीक्षा के दौरान बार-बार व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। अभाविप ने प्रशासन को इन समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन में तीन दिन का समय दिया था, किंतु तय समय सीमा के बाद भी कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। इससे नाराज अभाविप ने आज दोबारा ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र अव्यवस्थाओं को दूर कर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो संगठन को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिला संयोजक शुभम सिंह ठाकुर ने कहा, छात्रों का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। प्रशासन यदि लापरवाह रहेगा, तो विद्यार्थी परिषद सड़कों पर उतरकर जवाब देगी। वहीं छात्रा अंकिता कुशवाहा ने बताया कि हमसे उम्मीद की जाती है कि हम परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करें, लेकिन जब पीने को स्वच्छ पानी भी न मिले, तो पढ़ाई कैसे हो?

नपा ने रिपटा घाट पर की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार को नपा के सफाई अमले ने जेसीबी मशीन एवं ट्रेक्टर, ट्राली के साथ बेतवा नदी के रिपटा घाट पर पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नपा सफाई कर्मियों ने घाटों सहित आसपास में साफ, सफाई कराई। वहीं जेसीबी मशीन की सहायता से नदी के अंदर से रिपटा घाट से बड़ी मात्रा में कचरा निकाला गया। जिसे नगरपालिका सफाई कर्मियों द्वारा एवं ट्रैक्टर, ट्रालियों और जेसीबी की मदद से स्वच्छता अधिकारी जावेद खान की मौजूदगी में भरवाया गया। बेतवा नदी के रिपटा घाट पर चलाए गऐ सफाई अभियान के बाद रिपटा घाट साफ, सुथरा और स्वच्छ दिखाई देने लगा है। इस दौरान अमले द्वारा घाट पर आए लोगों को नदी में कूड़ा, कचरा न डालने तथा नदी को साफ, सुथरा रखने की समझाईश दी गई।

नगर में चली तेज हवा

गंजबासौदा। मंगलवार को चौथे दिन भी नगर सहित इलाके में तेज हवा चलती रही। गत दिवस हुई बारिश के बाद आज चली हवा में ठंडक रही और तापमान में आज भी गिरावट दर्ज की गई। इसी कारण धूप के बावजूद लोगों को गर्मी का अहसास नहीं हुआ। दोपहर बाद पहले तेज हवाएं चलीं, फिर आसमान में बादल छा गए। जिनसे रह रहकर मामूली बूंदाबांदी होती रही और मौसम खुशनुमा बना रहा।

जाहिर सूचना

मै सत्य नारायण भार्गव घोषणा करता हूँ कि तनिष्क भार्गव मेरा पुत्र है। तथा जन्म प्रमाण पत्र एवं शेक्षणिक रिकार्ड मे भी नाम तनिष्क भार्गव अंकित है। भूलवश आधार कार्ड मे मेरे पुत्र का नाम हीतेश भार्गव अंकित है। आधार कार्ड मे जन्म दिनांक 01.01.2009 अंकित है जबकि जन्म प्रमाण पत्र व शैक्षणिक रिकार्ड मे दिनांक 05.12.2009 अंकित है। जो सही है। मैं यह जाहिर सूचना प्रकाशन से आधार कार्ड मे अंकित नाम हीतेश भार्गव के स्थान पर जन्म प्रमाण पत्र व शैक्षणिक अंकसूची में अंकित अनुसार तनिष्क भार्गव एवं जन्म दिनांक 01.01.2009 के स्थान पर 05.12.2009 अंकित कराने के संबंध में प्रकाशित करा रहा हूँ। हीतेश भार्गव एवं तनिष्क भार्गव मेरे पुत्र का ही नाम है। जो दस्तावेजो मे अंकित अनुसार आधार कार्ड मे भी तनिष्क भार्गव अंकित कराने के संबंध मे प्रकाशन करा रहा हूँ।

म.प्र. शासन एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मान्यता प्राप्त
श्रीमती रतनबाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंजबासौदा
नर्सरी से कक्षा 12
इंग्लिश एवं हिन्दी माध्यम
PROPEL
Smart Classroom
प्रवेश प्रारंभ
कक्षा 11 एवं 12 अंग्रेजी माध्यम
आर्ट्स, मैथ्स, साइंस
स्मार्ट लर्निंग से अपने बच्चे की असली क्षमता को उजागर करें।
सिरोंज रोड, पेट्रोल पंप के पास, गंजबासौदा, जिला विदिशा (म.प्र)
Phone : 07594-220401 E-mail : smtratanbaijainschool@yahoo.in

खबर संक्षेप

भागवत कथा, रासलीला का आयोजन आज

सिरोंज। श्री लवकुश आश्रम तीर्थ क्षेत्र देवपुर धाम में कुशवाह समाज द्वारा सप्त दिवसीय अष्टोत्तशत 108 कुण्डात्मक श्री विष्णु महायज्ञ, भागवत कथा, रासलीला का आयोजन आज से प्रांरभ होने जा रहा है। जो कि 12 मई तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें यज्ञकर्ता बाल योगी श्री श्री 108 रामदास महात्यागी जी द्वारा प्रायश्चित संकल्प, दश विधि स्नान, वरूण पूजन, जल यात्रा, कलश यात्रा के साथ 108 कुण्डात्मक श्री विष्णु महायज्ञ कराया जाएगा। इसी के साथ कथा व्यास हरिओम शरण शास्त्री द्वारा संगीतमय भागवत कथा एंव श्री कुज बिहारी आदर्श रासलीला मण्डल वृन्दावन धाम से पधारे रहें स्वामी बलराम ब्रजवासी द्वारा रासलीला का भव्य आयोजन होगा। तो वही प्रतिदिन दोपहर 2 बजें से शाम 6 बजें तक श्रीमद भागवत कथा एंव रात्रि 8 बजें से रासलीला का प्रारंभ होगा। जिसके लिए समाजजनों द्वारा व्यापक तैयारिया की जा रही है।

जनसुनवाई में हुई 181 आवेदनों पर कार्रवाई

सागर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 181 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 181 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

सफलतापूर्ण हुई गेहूं की बंपर खरीदी, किसानों ने माना समिति का आभार

कस्वा बागरोद। सरकार द्वारा रबी सीजन की फसल गेहूं को समर्थन मूल्य के माध्यम से खरीदा गया। जिसने कस्वा बागरोद सेवा सहकारी समिति द्वारा लगभग 35 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी तय तारीख 5 मई तक सफलता पूर्ण की गई। क्षेत्र के किसानों ने बताया की समिति का केंद्र चौराह स्थित पुष्पा वेयर हाउस पर रखा गया था। जहां समिति प्रबंधक दीपक श्रीवास्तव, केंद्र प्रभारी पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, कार्तिक पटेल का योगदान रहा। समिति कर्मियों ने गेहूं खरीदी के समय किसानों को बैठने, पेय जल सहित अन्य व्यवथा समिति ने की। किसानों को अपनी उपज तुलवाने के लिए ज्यादा परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा। साथ ही समिति ने तुलाई के दौरान आई बारदाने की कमी के कारण किसानों की ट्रालियों को सीधा धर्मकांटा करवाते हुए डंप की भी सुविधा किसानों को दी। जिससे केंद्र पर ज्यादा भीड़ और किसानो की कतारें नहीं लगी।

जांच हुई तो चोरी गया अनाज का मिला बोरा

कृषि उपज मंडी में किसान के अनाज की हुई चोरी

मंडी में अनाज चोरी की वारदातों पर प्रशासन एक्शन ले : सुरेन्द्र रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कृषि उपज मंडी में आए दिन अनाज चोरी की शिकायतें सामने आती रहती हैं। जहां कई बार बड़े पैमाने पर किसानों की नाराज़गी भी देखने को मिली है। इसी कड़ी में एक बार फिर किसान के चने का 90 किलो बोरा चोरी होने का मामला प्रकाश में आया।

मिली जानकारी अनुसार शमशाबाद तहसील के सपरा कॉलोनी गांव निवासी किसान प्रीतम सिंह 5:50 कुंटल चना तोल कर अपने घर से सिरोंज मंडी में बेचने के लिए लाये थे। लेकिन हद तो उस वक्त हुई यहां व्यापारी के फड पर जाकर उसका चना 4 क्विंटल 54 किलो ही निकला।

हम्माल ने तरकीब से छुपाया बोरा

मंडी में मौजूद उपज तुलवा रहे किसानों ने देखा कि एक बोरा हम्माल ने तरकीब से हरे कलर की मेट के पीछे छुपा दिया है। जिसका लोगों के द्वारा विरोध किया गया पर हम्माल कहां किसी की सुनने वाले थे आलम ये रहा कि किसी तरह भी हम्माल मानने का नाम नहीं ले रहे थे और ना ही किसान का बोरा वापस करने को तैयार थे। जिस पर लोगों की हिम्मत पस्त पड़ गई और कोई वहां सुनने समझने को ही तैयार नहीं था। तो वही मौजूदा लोगों ने किसान नेता को दी जानकारी सुरेन्द्र रघुवंशी को मामले की जानकारी दी। जिस पर किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडी के भार साधक अधिकारी एसडीएम एवं मंडी कर्मचारियों को सूचना दी। साथ ही तत्काल जांच कर किसान को चने का बोरा ढूंढवाकर वापस कराने की बात कही। किसान नेता का मौके पर पहुंचना हमेशा की तरह कारगर साबित हुआ और कर्मचारियों द्वारा जांच करने पर एक बोरा अलग से छुपा पाया गया। जिसका वज़न 89 किलो तोला गया। जहां मौके पर ही दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। तो वही अपनी नाराज़गी जाहिर करते हुए कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने मंडी के कर्मचारियों से कहा कि कोई भी तूलावट अपने नाम की पर्ची अपने गले में डालकर नहीं आया। जो कि उनको मंडी द्वारा पहचान पत्र उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही किसानों को लूटने का काम सिरोंज मंडी में रोजाना धड़ल्ले से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन दोषी लोगों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए और किसानों के खरे पसीने की मेहनत को चोरों से बचाया जाए। मंडी के हम्माल और तुलावट अपने पहचान पत्र के साथ मंडी में आए और जो अपना पहचान पत्र लेकर नहीं आ रहा है उसको मंडी से तत्काल बाहर किया जाए।

राफेल पर नींबू-मिर्च वाला बयान शर्मनाकः राज्यसभा सांसद नवीन जैन

सिरोंज। राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान राय के बयान को ह्रराष्ट्रीय सुरक्षा का अपमानह्व बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि जिस समय हमारे जवान आतंकवाद से लोहा लेते हुए शहीद हो रहे हैं। उस समय कांग्रेस नेता खिलौनों और नींबू-मिर्च के जरिए देश की सैन्य शक्ति का उपहास उड़ा रहे हैं। उन्होने तंज कसते हुए कहा कि अजय राय का यह बयान अब पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर चलाया जा रहा है। वहां इसे इस रूप में दिखाया जा रहा है कि भारत के नेता खुद स्वीकार कर रहे हैं कि राफेल विमान ह्यनींबू-मिर्चह्व के भरोसे खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह मात्र बयान नहीं, बल्कि दुश्मन देश को भारत की छवि बिगाड़ने का हथियार सौंपने जैसा है। कांग्रेस को तय करना होगा कि वह देश के साथ खड़ी है या अपने बयानों से देशविरोधियों को खुश कर रही है। राफेल देश की रक्षा शक्ति का प्रतीक है - इस मौके पर सांसद श्री जैन ने राफेल की ताकत गिनाते हुए कहा कि यह विमान सिर्फ एक रक्षा उपकरण नहीं, बल्कि भारत की हवाई सुरक्षा में एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक है। इसमें लगी स्काल्प और मेटियोर मिसाइलें भारतीय वायुसेना को दुश्मनों के इलाके में घुसकर मारने की अभूतपूर्व क्षमता देती हैं। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। चाहे सर्जिकल स्ट्राइक हो या बालाकोट एयरस्ट्राइक। ऐसे में जब सरकार हर मोर्चे पर देश की रक्षा कर रही है, कांग्रेस नेताओं द्वारा इस प्रकार की बयानबाजी निंदनीय ही नहीं, बल्कि शर्मनाक भी है। तो वही कांग्रेस को तुरंत स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और अजय राय को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। देश की सेना, देश की सुरक्षा और शहीदों के सम्मान पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राजनीति हो, लेकिन राष्ट्रहित से ऊपर नहीं।

हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्योत्सव

ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भगवान श्री चित्रगुप्त जी की प्राकट्योत्सव के अवसर पर सिरोंज कायस्थ समाज द्वारा एक भव्य आयोजन संपन्न किया गया। जिसमें समाजजनों ने पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ इस पावन दिन को मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर में शोभायात्रा निकालकर की गई।

जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों के साथ निकली गई शोभायात्रा ने नगर में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित कर दिया। तो वही आयोजन स्थल पर भगवान चित्रगुप्त जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। साथ ही 56 भोग का विशाल प्रसाद अर्पित किया गया। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया जिसमें नगरवासियों सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित हुए क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने कायस्थ समाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी की जयंती हमें सत्य, न्याय और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने समाज के एकजुट प्रयासों की सराहना की और ऐसे आयोजनों को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन,युवा वर्ग, महिलाएं व बच्चे उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। तो वही कार्यक्रम समापन के अवसर पर आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और भगवान श्री चित्रगुप्त जी से सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भगवान चित्रगुप्त के वंशज कायस्थ समाज ने देश को नई दिशा दी हैः विधायक

विधायक ने मंदिर निर्माण हेतु 10 लाख रुपए देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भगवान श्री चित्रगुप्त जी की प्राकट्योत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त के वंशज कायस्थ समाज ने देश को नई दिशा दी है समाज के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद,प रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश को विकसित और आत्म निर्भर बनाया है। तो वही विधायक ने मंदिर निर्माण हेतु 10 लाख रूपये देने की घोषणा की। इस मौके पर मध्य प्रदेश अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट अवध नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज ने देश के लिए आदर्श राजा, प्रख्यात कवि, महान समाज सुधारक, क्रांतिकारी पत्रकार, संगीतकार दिए है। जिनमें प्रमुख रूप से स्वाती विवेकानंद, राम मोहन राय, वैज्ञानिक जगदीश चन्दवश, डॉ शांति स्वरूप भटनागर, डॉ विधानचंद राय, डज्ञॅ सम्पूर्णनंद,जय प्रकाश नायायण, मुंशी प्रेम चंद, महादेव वर्मा आदि शामिल है। जिन्होने देश की स्वतंत्रा एंव सामाजिक सुधारो में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। तो वही समिति के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक कुमार निगम ने अतिथियो का स्वागत किया और कायस्थ समाज से संगठित होने की अपील की। इस मौके पर कार्यक्रम को वरिष्ठ समाजसेविका माधवी माथुर, महेश सक्सेना, नीरज श्रीवास्तव, जय कुमार माथुर, रमेश श्रीवास्तव, राम दयाल श्रीवास्तव आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

पेपरलेस चुनाव के लिए इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम का सफल प्रदर्शन

मॉक पोल पेपरलेस चुनाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान आगामी स्थानीय चुनावों को और अधिक सुगम, पारदर्शी एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। स्थानीय निर्वाचन, सागर द्वारा इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम का सफल प्रदर्शन एवं मॉक पोल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधिगण, मीडियाकर्मी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपस्थित लोगों को इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था, जिसके तहत मतदान प्रक्रिया को पूर्णतः पेपरलेस बनाने की परिकल्पना की गई है। इस सिस्टम में मतदाता पहचान, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का संचालन, मतदान कर्मियों का प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को डिजिटल माध्यम से एकीकृत किया गया है। डा. अमर कुमार जैन ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान, सिस्टम के विभिन्न पहलुओं जैसे मतदाता सूची का कम्प्यूटर के माध्यम से सत्यापन, बूथ पर विभिन्न प्रपत्रों का संधारण, आदि को विस्तार से मास्टर ट्रेनर आनंद मंगल बोहरे, तकनीकी जानकारी मनीष माहौर, मुकेश पटेल, ईव्हीएम द्वारा वोटिंग प्रक्रिया को परमानंद सेन द्वारा विस्तारपूर्वक समझाया गया। स्थानीय निर्वाचन पर्यवेक्षक बेनीप्रसाद प्रजापति द्वारा मॉक पोल हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। उपस्थित लोगों ने इस आधुनिक तकनीक के उपयोग से मतदान प्रक्रिया की गति, सटीकता एवं सुरक्षा में होने वाले सुधारों की सराहना की। इसके पश्चात, एक मॉक पोल का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों ने स्वयं डिजिटल माध्यम से वोट डालकर इस नई प्रणाली का अनुभव प्राप्त किया। मॉक पोल के दौरान प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न एवं सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिनका संबंधित अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। एडीएम एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी रूपेश उपाध्याय ने इस अवसर पर कहा कि, यह इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम निश्चित रूप से स्थानीय चुनाव प्रक्रिया में एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। यह प्रक्रिया न केवल मानव संसाधनों का सदुपयोग करेगी बल्कि मतदान को अधिक सुगम और त्रुटि रहित भी बनाएगा। कलेक्टरएवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि, हमारा लक्ष्य है कि आगामी स्थानीय चुनावों में इस सिस्टम को सफलतापूर्वक लागू किया जाए। आज का प्रदर्शन एवं मॉक पोल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम सभी हितधारकों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए इस प्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस सफल प्रदर्शन एवं मॉक पोल के आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि राज्य निर्वाचन आयोग, मध्यप्रदेश पेपरलेस चुनाव की दिशा में गंभीरता से अग्रसर है और आधुनिक तकनीक का उपयोग कर एक कुशल, पारदर्शी एवं पर्यावरण के अनुकूल चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है।

कलेक्टर के आदेश के उल्लंघन पर कार्रवाई

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर ने विगत दिवस सुनार नदी के जल जिससे रहली क्षेत्रांतर्गत नगर की पेयजल की जलापूर्ति होती है के पेयजल से भिन्न अन्य उपयोग पर रोक लगाने का आदेश दिया था। रोक लगाने के बाबजूद किसानों के द्वारा मोटर पंप लगा कर सुनार नदी का पानी कृषि कार्य में उपयोग किया जा रहा था इसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रहली के निर्देशन में जांच दल के साथ राजस्व हल्का पटवारी, विद्युत विभाग, एवं पुलिस दल के साथ सुनार नदी किनारे ग्राम दोडा के पास पेयजल से भिन्न सिंचाई

विश्वविद्यालयः महिलाओं के बौद्धिक विकास पर केंद्रित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की वूमेन लीड डेवलपमेंट कमेटी (डब्लूएलडीसी) के तत्वावधान में रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास में 'महिलाओं पर, महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा,' विषय पर एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं डब्लूएलडीसी की चेयरपर्सन प्रो. वंदना सोनी के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रितु यादव ने की। संयोजन डॉ. शालिनी चौथीरानी (सदस्य, डब्लूएलडीसी) और डॉ. शिवानी खरे के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास, निवेदिता छात्रावास और सरस्वती छात्रावास की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चार टीमों के बीच हुए इस ज्ञानपूर्ण प्रतिस्पर्धा में टीम सी (रानी कुमारी, अनुष्का सिंह, अंजू कपाड़िया) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि टीम बी (अनुराधा रानी, अवन्ति, शिखा त्रिपाठी) और टीम डी को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में सीएम राइज विद्यालय की पलक ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

सीएम राइज स्कूल में पढ़ने वाली ग्यारसपुर की पलक कुशवाह पुत्री अशोक कुशवाह ने कक्षा दसवीं में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

चंचल कुशवाह पुत्री मुकेश कुशवाह ने हाई स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। हायर सेकेंडरी स्कूल में सलोनी कुशवाह रघुवीर कुशवाह ने 92% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है । वही कुमारी विपता कुशवाह पुत्री परशराम कुशवाह द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं । ग्यारसपुर के सीएम राइज स्कूल का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम हाई स्कूल का 96.4% रहा है जिसमें प्रथम श्रेणी में 128 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं द्वितीय श्रेणी में 34 विद्यार्थी पास हुए हैं। हाई सेकेंडरी में 106 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं 30 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में पास हुए हैं।

हायर सेकेंडरी का प्रतिशत 86% छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। दसवीं कक्षा में पलक कुशवाहा ने 97. 4% अंक लाकर पूरे स्कूल में प्रथम स्थान किया है । वहीं विद्यालय के लिए गर्व की बात है, सीएम राइज स्कूल योजना के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में आधुनिक संसाधनों बेहतर शिक्षण विधियां और समग्र विकास पर जोर दिया जा रहा है । पालक की सफलता योजना की प्रभाव शीलता को दर्शाती है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सक्षम है। विद्यालय प्राचार्य ज्योति प्रकाश नेमा ने बताया कि पालक की उपलब्धि विद्यालय की मेहनत और समर्पण का परिणाम है । उन्होंने आगे कहा है कि पलक की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और सीएम राइज स्कूल योजना की सफलता को और भी मजबूती प्रदान करेगी।

पालक की उपलब्धि से न केवल उसके परिवार का नाम रोशन हुआ है बल्कि यह मध्य प्रदेश की शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की और एक और कदम है, इस उपलब्धि पर स्कूल के सभी शिक्षकों के द्वारा एवं अभिभावकों के द्वारा विद्यालय के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

जनसुनवाई में रुचि नहीं लेते अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

शासन के निर्देश अनुसार प्रत्येक मंगलवार को अनुविभाग स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। एसडीएम की उपस्थिति में अनुविभाग स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी एक कक्ष में बैठकर आमजन की समस्याओं की सुनवाई करते हैं।

इसका उद्देश्य किसी भी विभाग से संबंधित आमजन की समस्या का तुरंत निराकरण हो सके। परंतु देखने में यह आता है कि जनसुनवाई में अधिकांश अधिकारी अपने अधीनस्थ को भेज देते हैं जिससे हितग्राही को मौके पर अपनी समस्या का निराकरण नहीं मिल पाता है मजबूर होकर उसे जिला स्तर पर कलेक्टर के पास अपनी शिकायत को लेकर जाना पड़ता है तब जाकर कहीं उसकी समस्या का निराकरण हो पाता है। इस मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के विडियो कांफ्रेंस कक्ष मैं जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें एसडीम नितिन जैन, तहसीलदार नागेश पवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राकेश वैध सहायक खाद्य अधिकारी वैशाली दांगी सहित कुछ अधिकारी उपस्थित थे। जबकि अन्य महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों ने अपने अधीनस्थों को जनसुनवाई मे आए आवेदनों को लेने के लिए भेज दिया था जिससे हितग्राहियों की समस्या का तुरंत निराकरण नहीं हो सका, जिस कारण से अब जनसुनवाई में लगातार आवेदकों की संख्या कम होती जा रही है और आमजन अपनी समस्या लेकर जिला मुख्यालय पर जाने लगे है।

पंचायत निर्वाचन के लिए मॉक पोल संपन्न

सागर। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरी निकाय/ पंचायत निर्वाचन की पेपरलेस निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपादित कराए जाने हेतु पेपरलेस बूथ के माध्यम से निर्वाचन इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम से पंचायत निर्वाचन हेतु मॉक पोल की प्रक्रिया दोपहर 12 बजे से संपन्न कराई गई।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती महिमा ठाकुर आयु व्यस्क पत्नि श्री प्रभात सिंह ठाकुर निवासी म.नं.1 केरियर स्कूल के पास अन्नपूर्णा नगर आई.टी.आई. नर्मदापूरम तह.व जि.नर्मदापुरम शादी पूर्व मेरा नाम महिमा चंदेल आ. श्री शिवेंद्र सिंह राजपूत था शादी दि.- 17.02.2010 के पश्चात् अब मेरा नाम श्रीमती महिमा ठाकुर पत्नि श्री प्रभात सिंह ठाकुर हो गया है अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना वा पहचाना जावे शपथ पत्र क्रमांक -BT 930065

30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं उड़ गए छप्पर, पेड़ धराशायी, खंभे गिरे

बे-मौसम की बारिश से तीसरे दिन फिर भीगा शहर

- 35 डिग्री से घटकर 27 पर आया तापमान
- तीसरे दिन भी तेज हवाओं ने ढाया कहर
- 8 मई तक मौसम खराब रहने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में पिछले तीन दिनों से आंधी और बारिश का दौर जारी है। तेज आंधी के कारण दिन का अधिकतम तापमान 35 से घटकर 27 डिग्री सेल्सियस हो गया है। रात का तापमान 20 डिग्री तक पहुंच गया है।

मौसम विभाग के अनुसार 8 मई तक आंधी-तूफान और बारिश की संभावना है। सोमवार रात 11 बजे से तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। यह रुक-रुक कर रात 2 बजे तक चलती रही। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

शनिवार रविवार को तूफान से जिले में बिजली के कई पोल गिर गए। कई पेड़ों की टहनियां टूट गईं। मंगलवार सुबह से भी कभी धूप तो सभी बादल छाने का सिलसिला जारी है। हवाओं में ठंडक घुल गई है। दिन और रात के तापमान में कम अंतर होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

तेज हवाओं से कई पेड़ धराशायी

दीवानगंज। क्षेत्र में 5 दिनों से मौसम अपना अलग-अलग रूप दिखा रहा है। सुबह धूप खटकती है तो दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ मौसम खराब हो जाता है।

सोमवार रात 12 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि दीवानगंज क्षेत्र में लगे कई बोर्ड धराशाई हो गए तो वही भोपाल विदिशा हाईवे से सेमरा बनखेड़ी मार्ग पर एक बाबुल का पेड़ रोड पर धराशाई हो गया। वह तो गनीमत रही कि उस समय कोई वाहन रोड से नहीं निकल रहा था नहीं तो बड़ी अनहोनी हो जाती। तेज हवाओं के कारण दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, मुस्काबाद, सत्ती, बसिया, हिनोतिया, भंवरखेड़ी, जमुनिया, निनोद बरजोरपुर, नरखेड़ा, सरार, जमुनिया, कयामपुर, संग्रामपुर, टापरा सहित आसपास गांवों की रात 12 बजे बिजली गुल हुई तो दूसरे दिन मंगलवार सुबह 9 बजे आई। रात भर आसपास के ग्रामीण बिजली नहीं होने के कारण परेशान होते रहे।

खबर संक्षेप

महक व भव्या का जिले की टॉप टेन सूची में नाम

सिलवानी। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में नगर की परीक्षार्थियो ने जिले की टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया। नगर की शैक्षणिक संस्था पुष्पा विद्यालय की हाई स्कूल की छात्रा महक कुशवाहा ने जिले की टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया। साथ ही पुष्पा विद्यालय की छात्रा भव्या सिंघई ने भी जिले की टॉप टेन सूची में अपनी जगह बनाई। भव्या ने बताया कि वह एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर डॉक्टर बनना चाहती हैं, ताकि वह महंगे उपचार से महरुम मरीजो का उपचार कर सके।

वात्सल्य हासे की छात्राओं ने किया नाम रोशन

बरेली। वात्सल्य कान्वेंट हा.से. स्कूल में घोषित हुए एमपी बोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणाम में कक्षा 12वीं की 2 छात्राओं ने गणित, और कामर्स संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर नगर ही नहीं जिले में स्कूल और परिवार का नाम रौशन किए जाने पर स्कूल, शिक्षक, शिक्षिकाओं, संचालकों, पालको में भारी हर्ष बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं में गणित संकायमें छात्रा निशु धाकड़ पुत्री पन्नालाल धाकड़ ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर जिले के गणित संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा समीक्षा दुबे पुत्री शांतिलाल दुबे ने कक्षा 12वीं में कामर्स संकाय में 500 में से 466 अंक प्राप्त कर जिले में कॉमर्स संकाय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने घोषित किए बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम

सरकारी स्कूल की छात्राएं रहीं अव्वल, 12वीं में 7 हजार 642 तो 10वीं में 7 हजार 830 विद्यार्थी पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मंगलवार को कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इस बार जिले के सरकारी स्कूलों ने बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश की मेरिट में भी स्थान बनाया है। मंडीदीप और बेगमगंज के सरकारी स्कूलों की लड़कियों ने प्रदेश की मेरिट में सातवां और दसवां स्थान हासिल किया है। दोनो ही कक्षाओं का परिणाम उत्साहजनक रहा है।

इस बार 12वीं बारहवीं का परीक्षा परिणाम 74.3 प्रतिशत रहा है, जबकि पिछले साल यह 58.14 प्रतिशत रहा था। इसी तरह दसवीं का परिणाम इस बार 71.61 प्रतिशत रहा है, जबकि बीते साल यह 54.59 प्रतिशत था। इन परिणामों में खास बात यह है कि इस साल दोनो कक्षाओं में जिले की मेरिट में सरकारी स्कूलों के छह विद्यार्थी शामिल हैं। बीते साल प्रदेश की मेरिट में एक भी विद्यार्थी शामिल नहीं था, इस बार दो छात्राओं ने जगह बनाई है।

परिणामों पर एक नजर

	बारहवीं	दसवीं
कुल परीक्षार्थी	10294	14471
छात्र	4698	6721
छात्राएं	5596	7750
प्रथम श्रेणी	5299	7309
द्वितीय श्रेणी	2325	3018
तृतीय श्रेणी	18	34
फेल	2644	4107
कुल पास	7642	7830
प्रतिशत	74.24	71.60

कक्षा दसवीं के टॉपर

उन्नति विश्वकर्मा
प्रतिशत: 97.8
जिले में स्थान: 01
स्कूल: मेमोरियल कान्वेंट स्कूल, बरेली

कृष धाकड़
प्रतिशत: 97.4
जिले में स्थान: 02
स्कूल: डेफोडिल्स स्कूल, बरेली

भव्य जैन
प्रतिशत: 97.2
जिले में स्थान: 03
स्कूल: पुष्पा हासे स्कूल, सिलवानी

महक कुशवाहा
प्रतिशत: 97.2
जिले में स्थान: 03
स्थान: सिलवानी

माण्या श्रीवास्तव
प्रतिशत: 97.2
जिले में स्थान: 03
स्थान: उदयपुरा

दीक्षा पटेल
प्रतिशत: 97.2
जिले में स्थान: 03
स्थान मंडीदीप

कक्षा बारहवीं के ये रहे टॉपर

निशु धाकड़
प्रतिशत: 96.2
विषय: गणित
जिले में स्थान: 01
स्कूल: वात्सल्य स्कूल, बरेली

निधि शेंडे
प्रतिशत: 96.0
विषय:
जिले में स्थान: 01
स्कूल: गोल्डन केरी स्कूल, मंडीदीप

वंशिका बोहरे
प्रतिशत: 94.6
विषय: कला
जिले में स्थान: 01
स्कूल:शाबाउमावि बरेली

मनीष लोधी
प्रतिशत: 94.4
विषय: कृषि
जिले में स्थान: 1
स्कूल: शाबाउमावि, बेगमगंज

रुद्रांश पटेल
प्रतिशत: 94.2
विषय: --
जिले में स्थान: 02
स्कूल: आरजीएम स्कूल, रायसेन

सार्थक त्रिपाठी
प्रतिशत: 93.8
विषय: विज्ञान
जिले में स्थान: 03
स्कूल: एमडीबीएम स्कूल, उदयपुरा

कृष्णा शर्मा
प्रतिशत: 93.2
विषय: कॉमर्स
जिले में स्थान: 02
स्कूल: सिंपल आरके एजुकेशन, बरेली

समीक्षा दुबे
प्रतिशत: 93.2
विषय: कॉमर्स
जिले में स्थान: 02
स्कूल: वात्सल्य स्कूल, बरेली

अदिति बडकुर
प्रतिशत: 93.2
विषय: कॉमर्स
जिले में स्थान: 02
स्कूल: न्यू सर्वोदय स्कूल, उदयपुरा

रजनी मीना
प्रतिशत: 91.8
विषय:
जिले में स्थान: 02
स्कूल: शा हासे स्कूल, मंडीदीप

बारहवीं की टॉपर

ई-उपवास : मोबाइल और टीवी से बनाई दूरी

सांदीपनी स्कूल बेगमगंज की छात्रा डॉली गौर पुत्री बालकिशन गौर ने कक्षा 12वीं की प्रदेश की मेरिट सूची में जीव विज्ञान संकाय में सातवां स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। डॉली ने यह उपलब्धि दो साल तक ई-उपवास हर हासिल की। डॉली बताती है कि दो साल पहले स्कूल आए एसडीएम साहब की प्रेरणा से उसने मोबाइल को त्याग दिया था, डॉली ने कभी ट्यूशन नहीं ली, घर पर ही मेहनत कर 500 में से 477 अंक प्राप्त किए। डॉली बताती है, मोबाइल से दूरी और राधा-कृष्ण की छवि के सान्निध्य में प्रतिदिन 5 से 6 घंटे की पढ़ाई की। डॉली का सपना डॉक्टर बनने और आगे चलकर एमपीपीएससी की परीक्षा पास कर समाज सेवा करने का है। अपनी सफलता का श्रेय वे अपने माता-पिता और शिक्षकों को देती हैं। डॉली का संदेश दिया है, अगर जीवन में आगे बढना है तो मोबाइल से दूरी बनाएं और अपने ऊपर विश्वास रखें।

दसवीं की टॉपर

प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना ने संजोया सपना

मंडीदीप के शा कन्या उमावि की छात्रा सपना मिश्रा पुत्री देवमुनि मिश्रा ने कक्षा दसवीं में प्रदेश की मेरिट सूची में दसवां स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

सपना का कहना है कि कड़ी मेहनत के साथ लगन ही सफलता का सूत्र है। स्कूल के शिक्षकों का बेहतर मार्गदर्शन और माता-पिता की प्रेरणा से यह सफलता मिली। सपना आगे पढकर आइपीएस अफसर बनना चाहती है। उसका कहना है कि पुलिस अधिकारी बनकर देश में पलिस की छवि को सुधारना और देश की सेवा करना उसका लक्ष्य है।

दिव्यांग श्रेणी

तान्या विश्वकर्मा प्रदेश में दूसरे नंबर पर

कक्षा दसवीं की दिव्यांग श्रेणी में उत्कृष्ट हासे स्कूल रायसेन की छात्रा तान्या विश्वकर्मा पुत्री विकास विश्वकर्मा ने 500 में से 427अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उनकी उपलब्धि पर प्राचार्य स्वाति चौहान ने बधाई दी है। तान्या आगे और मेहनत करके प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती है, वह अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता को देती हैं। उन्होंने बताया कि वह मोबाइल और टीवी की दूरी से ही इस मुकाम हासिल कर पाई हूं।

हाईवे 18 दीवानगंज पर कंटेनर और ट्रक के बीच में फांसी कार, 2 घंटे लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को भी भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर दीवानगंज बरजोर पुर जोड़ पर सोमवार रात 7 बजे कंटेनर और ट्रक के बीच में कार ओवर टेक करते समय बीच में फस गई। जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे रोड के दोनों तरफ पांच किलोमीटर तक जाम लग गया।

घटनास्थल पर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, दीवानगंज चौकी प्रभारी वरुण सक्सेना आरक्षक सूरज वर्मा, राजू चौहान सहित दीवानगंज और सलामतपुर पुलिस स्टाफ और राहगीरों ने बड़ी

मशक्कत के बाद कार को ट्रैकों के बीच में से निकलवा कर यातायात सुचारू रूप से चालू करवाया। कार में बैठे चार से पांच लोग सुरक्षित हैं।

बता दे की दीवानगंज के 7 किलोमीटर दायरे में एक सप्ताह में सातवीं दुर्घटना है। जिसमें 6 लोग घायल हो चुके हैं दो दिन पहले भी कोसा खेड़ी पर ट्रक ने कार को टक्कर मार दी थी जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे तो वहीं एक दिन पहले बरखेड़ी चौराहे पर भी अज्ञात ट्रक ने कार को अपनी चपेट में ले लिया था।

मौसम की मार, लोग हो रहे बीमार अस्पतालों में भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शनिवार से बिगडा बदला मौसम विवाह वाले परिवारों के लिए परेशानियों का कारण बना रहा। प्रतिदिन रात में बिजली की चमक-दमक बादलों की गर्जना के साथ हो रही बारिश से विवाह कार्यक्रम प्रभावित और अस्त व्यस्त हो रहे है। सोमवार को आधी रात के लगभग हुई बारिश ने विवाह कार्यक्रमों में बाधा डालने के साथ बारातियों, घरातियों को भारी परेशानियों में डाल दिया। बार-बार बदल रहे मौसम के कारण लोग बीमार हो रहे है। अस्पताल और डॉक्टरों के यहॉ भीड़ लग रही है।

तीन दिनों से हो रही रात की बारिश और तेज हवाओं ने वैशाख

और मई के महिने में भीषणतम गर्मी से लोगो को राहत मिल रही है।

जिस प्रकार बार-बार गर्म ठंडक भरा माहौल प्रतिदिन बन रहा है। उसका असर सेहत पर पड रहा है। उल्टी, दस्त, बुखार, सर्दी, जुकाम के मरीज तेजी से बढने के साथ सरकारी अस्पताल पहुंच रहे है। इसी के साथ प्रायवेट अस्पतालों और डॉक्टरो के यहॉ बीमारों की सुबह से भीड़ लगना शुरू हो जाती है।

श्रद्धलुओं ने की यज्ञशाला की परिक्रमा श्रीरामयज्ञ में मंगलवार को दी आहूतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सिद्ध धार्मिक स्थल सोजनीधाम में विष्वशांति के लिए आयोजित किए जा रहे श्रीराम यज्ञ के द्वितीय दिवस मंगलवार को बड़ी संख्या में पहुचे श्रद्धालुओं के द्वारा यज्ञशाला की परिक्रमा कर दर्शन किए। हनुमान जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित श्रीराम महायज्ञ में मंत्रोच्चार के साथ यजमानों ने हवन कुंडो में आहुतियां दी।

यज्ञाचार्य महेंद्र भार्गव शास्त्री एवं यज्ञ ब्रह्मा गोपाल मणि दास महाराज;रिंकु भार्गवद्ध ने बताया कि विश्वकल्याण की कामना के साथ आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम महायज्ञ में नित्य पूजा अर्चना के

साथ ही वेद मंत्रों के साथ यजमानों द्वारा घृत व साकल्य की आहुतियां दी जा रही हैं।

यज्ञों के आयोजन से देवता प्रसन्न होते हैं। देवताओं के प्रसन्न होने से ही जगत का कल्याण होता है तथा सभी प्राणी प्रसन्न होते हैं। उन्होने बताया कि प्रभु की कृपा से हमे मनुष्य देह प्राप्त हुई है तो मानव जीवन को सफल करने के लिए यज्ञ के दर्शन करना चाहिए और यज्ञषाला की परिक्रमा लगाने से समस्त तीर्थों की परिक्रमा का फल निश्चित ही प्राप्त हो जाता है।

बारना की नहरों में पानी छोड़ने की मांग

बारना डैम की नहरें बंद तो सूख गए क्षेत्र के नदी नालें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

तीन दशक पूर्व तक जिन नदियों में भरपूर पानी रहा करता था, अब क्षेत्र की प्रमुख नदियां बारना, तेदौनी, घोघरा, इक्यावन नदियां और दर्जनों ग्रामीण क्षेत्र के नाले बारना बांध से नहरों में पानी आना बंद होने के साथ जलाभाव और सूखने लगे है।

नदियों और नालों में पानी के स्थान पर रेत बजरी ही दिखलाई देती है। कभी भी इन नदियों नालो में खरबूज, तरबूज, ककडी की खेती हुआ करती थी। अब पूरी तरह बंद होने के कारण अन्य स्थानों से तरबूज, खरबूज और ककडी बिकने आ रही है।

सूखे नदी नाले, मवेशी पानी को परेशान

रवि फसलों के साथ गर्मी में मूंग की खेती में नदियों, नालो के पानी का भरपूर उपयोग किसान करते है। इसी के साथ नदी नालों के

किनारों पर ईटों का निर्माण और भट्टे भी लगाये जाते है। नदी नालों के पानी को मोटर पंप डीजल इंजनो से खींचे जाने के कारण गर्मी में नदी नाले जल विहिन हो जाने से सबसे अधिक मवेशियों के समक्ष पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। प्रत्येक ग्राम में पशु पालकों द्वारा फसल कटते ही मवेशियों को छुट्टा आवारा छोड दिया जाता है। ऐसी हजारों मवेशी भीषण गर्मी में नदी नालों के सहारे अपनी प्यास बुझाती है। जब नदी नालों में पानी के स्थान पर सिर्फ रेत बची है, तो मवेशी पानी की तलाश में भटकती रहती है।

गायब हुए खरबूज-तरबूज

जब नदियों में पानी रहता था तो ढीमर, केवट समाज के परिवार नदी नालों की रेत पानी में देशी बीज के स्वाद और मीठे फल खरबूज, तरबूज की खेती करते थे। अब नदी नालों में खेती बंद हो जाने से देशी तरबूज, खरबूज गायब और शायद बीज भी समाप्त हो गया है। खरबूज, तरबूज, ककडी, कद्दू इत्यादि की रेत के स्थान पर खेतो की मिट्टी में खेती होने से आ रहे फलों का स्वाद ही गायब हो गया है।

नहरों में पानी छोड़ने की मांग

जिस प्रकार संपूर्ण क्षेत्र गांव-गांव में मवेशी भीषण गर्मी में पानी की तलाश में भटक रहे है। उसे देखते हुए मवेशियों को राहत देने बारना की नहरों में पानी छोडने की मांग किसानों द्वारा की जा रही है।

गांव की महिलाओं व ग्रामीणों को बाल विवाह के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ग़ीदगढ़ के गांव भंवर खेड़ी, हिनोतिया में मानव विकास सेवा संस्था बाल विवाह रोकने हेतु जागरूक किया गया एवं लोगों को शपथ दिलाई गई कि बालिकाओं की 18 वर्ष से कम उम्र एवं युवाओं की 21 वर्ष से कम उम्र में शादी नहीं करना चाहिए।

बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलायी गयी। जिसमें महिला शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बाल विवाह रोकथाम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना,

वन स्टॉप सेंटर, प्रयोजन जैसे योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ समाज कल्याण विभाग और राज्य सरकार द्वारा लड़कियों/महिलाओं के सहयोग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। महिला सुरक्षा के संदर्भ में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु महिला हेल्पलाइन नंबर 181 जारी किया गया है। राज्य की महिलाएं किसी भी समय सुरक्षा संबंधी शिकायत इस नंबर पर कर सकती है। कार्यक्रम में जितेंद्र अहिरवार भवानी सिंह जाटव सहित गांव की महिलाएं मौजूद रही।